बरसाना प्यारा बड़ा याद आये

बरसाना प्यारा बड़ा याद आये,
किरपा कर किशोरी जी जल्दी भुलाये,
बरसाना प्यारा बड़ा याद आये...

मैं आती रही हु मैं आती रहुगी,
बहाती हु आंसू बहाती रहुगी,
जब तक किशोरी जी सामने ना आये,
बरसाना प्यारा बड़ा याद आये....

एक पल भी भाव न बिसरे हे श्यामा प्यारी,
ना गह्वर न प्रेम सरोवर ना छूटे अटारी,
भले रोटे रोटे ही प्राण छूट जाए,
बरसाना प्यारा बड़ा याद आये

आप की छवि के आगे वो आंसू बहाना ,
वो नये नये भाव किशोरी आप को सुनाना,
याद जब भी आये मुझसे राहा नहीं जाए,
बरसाना प्यारा बड़ा याद आये

ब्याह मेरी थामे रखना हो न जग हासी,
प्रीत मेरी झूठी मैं भी झूठी हरदासी,
आप तो दयालु हो छोड़ के ना जाए,
बरसाना प्यारा बड़ा याद आये

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/5578/title/barsane-pyara-bada-yaad-aaye-kirpa-kar-kishori-ji-jaldi-bhulaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |